>

Title: Need to maintain the historical 'Surya Kund' site in Jalaun Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन) : अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र जालौन गरौठा में एक कालपी तहसील है जिसमें ब्लाक कदौरा के ग्राम मदरालालपुर में एक सूर्यकुंड है जो कि देश की ऐतिहासिक धरोहर है। चन्द्र ग्रहण व सूर्य ग्रहण के समय देश विदेश के खगोलशास्त्री दूरबीन लगाकर यहां अध्ययन करने आते हैं। ये सूर्यकुंड इस समय जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है एवं वहां तक पहुंचने के लिए पक्की सड़क की व्यवस्था भी नहीं है। ऐसी स्थिति में पर्यटकों, शोधकर्ताओं एवं खगोल शास्त्रियों को पहुंचने में बड़ी कठिनाई होती है इससे इस ऐतिहासिक धरोहर का महत्व भी कम होता जा रहा है।

अतः केन्द्र सरकार से मेरी मांग है कि इस सूर्यकुंड का जीर्णोद्वार कराया जाये एवं कालपी से ववीना तक मदरालालपुर होते हुए पक्की सड़क बनाई जाये।